# K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
## ASSESSMENT -2 (2023-24)

**GRADE: IV** **MARKS: 50**
**SUB: HINDI** **TIME: 2 Hrs**

---

**सूचनाएँ** = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

**खंड (क) पठित (Seen passage)**

**प्र.१ निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen passage carefully and follow the instructions given below.)**

अंत में एक दिन उन्होंने तय किया कि वह असल में जो बनना चाहते हैं वह है कुत्ता। उस दिन वह दिन भर चारों हाथ-पैरों पर इधर-उधर भागते हुए अजनबियों पर भौंकते रहे। एक बूढ़ी महिला ने उनके सिर को सहलाना चाहा तो पापा ने उन्हें काटने की कोशिश तक की! पापा ने भौंकना तो बड़ी अच्छी तरह से सीख लिया लेकिन बहुत कोशिश करने पर भी वह अपने पैर से कान के पीछे खुजाना नहीं सीख पाए। उन्होंने सोचा कि अगर वह बाहर जाकर अपने पालतू कुत्ते के साथ बैठ जाएँ, तो शायद वह कान के पीछे खुजाना ज़्यादा जल्दी सीख जाएँगे। पापा कुत्ते के पास जाकर बैठ गए। उसी वक्त एक अजनबी फौज़ी अफ़सर उधर से निकला। वह खड़ा होकर पापा को देखने लगा। वह उन्हें कुछ देर तक देखता रहा और फिर उसने पूछा, “यह तुम क्या कर रहे हो?”

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(२ अंक)**

**(Fill in the blanks.)**

१) एक बूढ़ी महिला ने उनके _______ को सहलाना चाहा।

२) वह _______ होकर पापा को देखने लगा।

**ख) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।**

**(Write whether the following sentences are true or false)** **(२अंक)**

१) पापा असल में जो बनना चाहते हैं वह है कुत्ता।

२) पापा शेर के पास जाकर बैठ गए।

**ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।**

**(Answer the following questions in one or two words.)** **(१अंक)**

१) पापा ने अच्छी तरह से क्या सीख लिया?

**प्र.२ निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen passage carefully and follow the instructions given below.)**

दो दिन बाद न जाने कहाँ से एक बूढ़ा संन्यासी राजसभा में आया। उसने राजा को आशीर्वाद देते हुए कहा, "दाता कर्ण महाराज! बड़ी दूर से आपकी प्रसिद्धी सुनकर आया हूँ। संन्यासी की इच्छा भी पूरी कर दें।"

अपनी प्रशंसा सुनकर राजा बोला, "ज़रा पता तो चले तुम्हें क्या चाहिए? यदि थोड़ा कम माँगो तो शायद मिल भी जाए।"

संन्यासी ने कहा, "मैं तो संन्यासी हूँ। मैं अधिक धन का क्या करूँगा! मैं राजकोष से बीस दिन तक बहुत मामूली भिक्षा प्रतिदिन लेना चाहता हूँ। मेरा भिक्षा लेने का नियम इस प्रकार है, मैं पहले दिन जो लेता हूँ, दूसरे दिन उसका दुगुना, फिर तीसरे दिन उसका दुगुना, फिर चौथे दिन तीसरे दिन का दुगुना । इसी तरह से प्रतिदिन दुगुना लेता जाता हूँ। भिक्षा लेने का मेरा यही तरीका है।"

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(२ अंक)**

**(Fill in the blanks.)**

१) संन्यासी की _______ भी पूरी कर दें।

२) दूसरे दिन उसका _________।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(२ अंक)**

**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) दो दिन बाद राजसभा में कौन आया?

२) संन्यासी ने किसे आशीर्वाद दिया?

**ग) निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहा।** **(१ अंक)**

**(who said to whom.)**

१) "मैं अधिक धन का क्या करूँगा!"

**प्र.३ निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen poem carefully and follow the instructions given below.)**

ले आओ कागज़ चमकीला,
लाल-हरा या नीला-पीला,
रंग-बिरंगा खूब रंगीला,
कैंची, चुटकी, हाथ चलाओ।
भैया मेरे, जल्दी आओ।।

छप-छप कर कूड़े से अड़ती,
बूँदों-लहरों लड़ती-बढ़ती,
सब की आँखों चढ़ती-गढ़ती

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(३ अंक)**

(Choose the correct option.)

१) कौन बूँदों और लहरों से लड़ते हुए भी आगे बढ़ती जाती हैं?

i) हवाई जहाज ii) नाव iii) बस

२) कवि भैया से कैसा कागज़ लाने को कहता है?

I)चमकीला ii) भड़कीला iii) सुनहरा

३) कवि किससे नाव बनानेवाले हैं?

I) कपड़े II) कागज़ III) पत्ते

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।**

**(Answer the following questions in one or two words.)** **(२अंक)**

१) नाव क्या कर कुड़े से अड़ती है?

२) कवि भैया को क्या तैराने के लिए कह रहा है?

## खंड (ख) पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न
## (Textual based questions)

**प्र.१ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in one sentence.)**

१) जमाल साहब ने घूमने जाने के लिए क्यों मना कर दिया?

२) बादल अपने साथ क्या लाया है?

३) अचकन वास्तव में किसकी थी?

४) पापा की कौनसी बातें सुनकर उनके माता-पिता को हैरानी हुई?

**प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए।** **(४ अंक)**

**(Answer the following questions in detail)**

१) संन्यासी ने सीधे-सीधे शब्दों में भिक्षा क्यों नहीं माँग ली?

२) जमाल साहब ने मुँह बनाकर नसीरूद्दीन से क्या कहा?

**प्र.३ स्वमत (स्व-अध्ययन पर प्रश्न)** **(२ अंक)**

**(self opinion question.)**

१) राजा दान देने के अलावा और किन-किन तरीकों से लोगों की सहायता कर सकता था?

## खंड (ग) अपठित (Unseen passage)

**प्र.१ निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the unseen passage carefully and follow the instructions given below.)**

बुधवार को सोहन का जन्मदिन है। वह अपने इस जन्मदिन पर सात साल का हो जाएगा। वह दूसरी कक्षा में पढ़ता है। वह हर साल अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाता है। वह अपने जन्मदिन पर घर को गुब्बारों और फूलों से सजाता है। वह शाम को केक काटता है। सब उसे जन्मदिन की बधाई के साथ सुंदर सुंदर उपहार देते हैं। वह उस दिन बहुत खुश होता है।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(३अंक)**

**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) सोहन का जन्मदिन कब है ?

२) सोहन अपने इस जन्मदिन पर कितने साल का हो जाएगा ?

३) सोहन कौन-सी कक्षा में पढ़ता है?

**ख) निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाइए।** **(२ अंक)**

**(Make sentence with the following words.)**

१) फूल – २) उपहार -

## खंड (घ) व्याकरण(Grammar)

**प्र.१ निम्नलिखित शब्दों का समानार्थी शब्द लिखिए।** **(२ अंक)**

**(Write the synonym of the following words.)**

१) इंसान = २) बेगम =

**प्र.२ निम्नलिखित शब्दों का विलोम शब्द लिखिए।** **(२ अंक)**

**(Write the opposite of the following words.)**

१) ज्ञानी × २) गरीब ×

**प्र.३ निम्नलिखित शब्द को शुद्ध करके लिखिए।** **(१ अंक)**

**(Correctly write the following word)**

१) सतकार -

**प्र.४ निम्नलिखित शब्द का दो भिन्न-भिन्न अर्थों को स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाओ।** **(३ अंक)**

**( Write two different meaning & make sentence in your own words.)**

१) फल < अर्थ= वाक्य=
अर्थ= वाक्य=

**प्र.५ सर्वनाम शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

**(Fill in the blanks by choosing pronouns)** **(२ अंक)**

१) मैं ________ एक बात बताती हूँ। (तुम्हें/तुम)

२) ________ यह सवाल समझ नहीं आया? (कौन/किसे)

## खंड (ङ) लेखन (Writing skill)

**प्र.१ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।**

**(Write an essay on any one of the following topics.)** **(५ अंक)**

१) राष्ट्रीय पशु - बाघ

२) खेल का महत्त्व

**प्र.२ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।**

**(Write a letter on any one of the following topics.)** **(५ अंक)**

१) विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण होने पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए।

२) अपने विदेशी मित्र को अपने घर निमंत्रित करते हुए निमंत्रण पत्र लिखिए।

********************************